मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-205
21/03/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहार बोर्ड की इंटर परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनायें

- तीनों संकायों में छात्राओं के टॉप करने पर मुख्यमंत्री ने जतायी प्रसन्नता
- छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण– मुख्यमंत्री

पटना, 21 मार्च 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इंटर की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार 13 लाख 04 हजार 586 विद्यार्थियों ने इंटर की परीक्षा दी थी। परीक्षा में 83.70 प्रतिशत से ज्यादा परीक्षार्थी सफल हुये हैं। इसमें छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 85.50 है, जबकि छात्रों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 82.01 है। मुख्यमंत्री ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को भी काफी कम समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय पर रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र–छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिये एवं उच्चतर कक्षाओं में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज तीनों संकाय के परीक्षाफल में प्रथम 06 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टॉपर सूची जारी की गयी, जिसमें तीनों संकाय मिलाकर कुल 30 विद्यार्थी हैं। संकायवार प्रथम 06 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टॉपर सूची देखी जाय तो विज्ञान संकाय में 09 विद्यार्थियों में 05 छात्रायें शामिल हैं। इसी प्रकार, कला संकाय की टॉपर सूची में 08 विद्यार्थियों में 05 छात्रायें हैं तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम 06 में स्थान प्राप्त किए हुए 13 विद्यार्थियों में 11 छात्रायें शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों में छात्राओं ने टॉप किया है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी सफल छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

******